SUNDAY | 10.09.2023 | भाद्रपद कृष्ण-एकादशी विक्रम संवत-2080

उत्तर प्रदेश

अमर उजाला

महानगर वर्ष 55 : अंक 234 : पृष्ठ : 22 : मूल्य : सात रुपये

बरेली

• 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण

PAGE NO. 11: TOP

छात्रों के लिए कॉलेज में पहला महीना गोल्डन ऑवर की तरह

स्पोर्ट्स और कल्चरल मीट जील- 2023 का रंगारंग समापन

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। एक सप्ताह से संचालित स्पोर्ट्स और कल्चरल मीट जील-2023 का शनिवार को डीजे नाइट के साथ रंगारंग समापन हो गया। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज स्थित आडिटोरियम में आयोजित समारोह में एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक और चेयरमैन देव मूर्ति ने वर्ष 2023 बैच के मेडिकल छात्र-छात्राओं का स्वागत किया।

उनको गोल्डन ऑवर का महत्व बताया। कहा कि जिस तरह हार्ट अटैक और स्ट्रोक में गोल्डन ऑवर की भूमिका होती है, उसी तरह नए छात्र-छात्राओं के लिए कालेज में पहला महीना गोल्डन होता है। इस समय का सदुपयोग करें। मेडिकल के विद्यार्थियों की नीरस जिंदगी में जील जैसी स्पोर्ट्स और कल्चरल मीट एक फुहार की तरह है।

इस मौके पर कॉलेज प्राचार्य एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ.एमएस बुटोला, डीन यूजी डॉ. नीलिमा मेहरोत्रा, डीन पीजी डॉ.रोहित शर्मा, डीएसडब्ल्यू डॉ. क्रांति कुमार, एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च के प्राचार्य डॉ. एलएस मौर्य, डायरेक्टर लॉ डॉ. नसीम अख्तर, कनेक्शस क्लब के प्रेसिडेंट नकुल गुप्ता, सचिव मैरीन आदि रहे।

स्पोर्ट्स और कल्चरल मीट जील-2023 में मौजूद छात्र-छात्राएं व अतिथि। संवाद